# संभाग पोस्ट

साप्ताहिक

RNI: MPHIN/2015/60688

जिलों से संभाग तक का सच

email:sambhagpost@gmail.com

वर्ष-8 | अंक-31 | प्रति मंगलवार, इंदौर, 24 दिसंबर 2024 से 30 दिसंबर 2024 | मूल्य- 2 रु. | पृष्ठ- 8


भय से भारत अभय हो,
फिर विजय से विश्व।
विनयकर निर्भय जय हो,
जय हो भारत भूमि जय हो।।

## Short News

### पीलीभीत में मारे गए 3 खालिस्तानी आतंकवादी, पुलिस के साथ मुठभेड़ में गई जान

■ **पीलीभीत । संभाग पोस्ट**

पंजाब के गुरदासपुर जिले में पुलिस चौकी पर हमला करने के आरोप में तीन खालिस्तानी आतंकवादी उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। पुलिस के मुताबिक, मारे गए आतंकवादियों की पहचान गुरविंदर सिंह, वीरेंद्र सिंह और जसनप्रीत सिंह के रूप में हुई। ये तीनों खालिस्तान कमांडो फोर्स नाम के प्रतिबंधित संगठन से जुड़े हुए थे।

**हथियार बरामद**

पुलिस ने इन आतंकियों के पास से दो एके-47 राइफल और एक ग्लॉक पिस्तौल बरामद की। यह ऑपरेशन पंजाब और यूपी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई का नतीजा है। मुठभेड़ पीलीभीत के पूरनपुर इलाके में हुई। जिसे पुलिस की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

**कैसे हुआ एनकाउंटर**

सूचना मिलने के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की। आतंकियों को सरेंडर करने के लिए कहा गया। लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। इसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई जिसमें तीनों आतंकवादी मारे गए।

**डीजीपी का बयान**

उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि इस ऑपरेशन की कमान पीलीभीत के एसपी ने संभाली। पंजाब पुलिस से जानकारी मिलने पर यूपी पुलिस ने कार्रवाई की। तीनों आतंकवादी गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर हमले में शामिल थे। घायल होने के बाद आतंकियों को अस्पताल ले जाया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस ज्वाइंट ऑपरेशन को दोनों राज्यों की पुलिस के लिए बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

# भ्रष्टाचार पर प्रहार

# सहायक प्रबंधक के पांच ठिकानों पर छापा



कनीराम मंडलोई

## आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त का एक्शन

■ **इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर में आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आदिम जाति मर्यादित सहकारी संस्था पीथमपुर में पदस्थ सहायक प्रबंधक कनीराम मंडलोई के घर और अन्य ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई इंदौर, धार और मानपुर में एक साथ पांच स्थानों पर की गई। लोकायुक्त पुलिस को छापेमारी के दौरान कई संपत्तियों की रजिस्ट्री मिली, जिससे यह पुष्टि हुई कि सहायक प्रबंधक और उनके भाई के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत सही थी।

**लोकायुक्त में हुई थी शिकायत**

यह कार्रवाई लोकायुक्त में दर्ज शिकायत के आधार पर की गई थी, जिसमें दोनों पर आय से अधिक संपत्ति जमा करने का आरोप था। पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त जयदीप प्रसाद के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त इंदौर राजेश सहाय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। डीएसपी लोकायुक्त आरडी मिश्रा के अनुसार, कनीराम मंडलोई और उनके भाई हेम सिंह, करण सिंह और दिनेश सिंह ने कुल रुपए 5,60,02,400 की संपत्ति पर खर्च किया है, जबकि उनके ज्ञात आय स्त्रोतों से रुपए 3,02,80,000 की आय प्राप्त हुई थी। यह उनकी आय से 84.95% अधिक है।

**कई जगह पहुंची जांच टीम**

आरोपियों और उनके परिवार के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर तलाशी वारंट प्राप्त किया गया। तलाशी अभियान के दौरान लोकायुक्त टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। जिसमें कनीराम मंडलोई के घर ग्राम जमनिया, जिला धार में हेम सिंह के मकान में, अलंकार पैलेस इंदौर में, छोटे जमनिया, जिला धार के फार्म हाउस में, श्री कृष्ण कॉलोनी धार और मानपुर में जांच हुई।

**आय से अधिक संपत्ति**

डीएसपी आरडी मिश्रा ने जानकारी दी कि सत्यापन के बाद यह स्पष्ट हुआ कि कनीराम मंडलोई और उनके भाइयों ने रुपए 5,60,02,400 की संपत्ति पर खर्च किया, जो उनके आय के ज्ञात स्रोतों की तुलना में अत्यधिक है। इसके आधार पर यह कार्रवाई की गई और आरोपियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## लोकायुक्त ने सौरभ शर्मा समेत सहयोगियों को जारी किए समन

# ED ने केस दर्ज किया तो DRI ने भी शुरू की जांच

■ **भोपाल । संभाग पोस्ट**

मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के पूर्व सिपाही सौरभ शर्मा पर जांच एजेंसियों का शिकंजा बढ़ता जा रहा है। लोकायुक्त ने सौरभ शर्मा, उसकी पत्नी, मां और दोस्तों को समन जारी किए हैं। वहीं, इस मामले के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। इसके अलावा प्रवर्तन निदेशालय ने भी मामले में केस दर्ज कर लिया है। करोड़ों रुपए का सोना मिलने की जांच डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने भी शुरू कर दी है।

मध्य प्रदेश के परिवहन विभाग के पूर्व कर्मचारी सौरभ शर्मा के खिलाफ लोकायुक्त ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है।




लोकायुक्त ने सौरभ शर्मा, उसकी पत्नी, मां और दोस्तों शरद जायसवाल और चेतन सिंह के खिलाफ समन जारी कर दिए हैं। इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है, जिसमें डीएसपी वीरेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर शामिल हैं। जांच में हवाला एंगल को भी शामिल किया गया है और आरोपियों के बैंक खातों की भी जांच की जाएगी। लोकायुक्त ने इस मामले में सौरभ शर्मा के घर से मिली करोड़ों रुपये की संपति के दस्तावेजों को भी खंगाला है। इसके अलावा, इनोवा कार में मिली सोने की बिस्किटों और नकद के बारे में भी जानकारी जुटाने के लिए लोकायुक्त आईटी विभाग को चिट्ठी लिखेगा।

**ईडी ने मनी लांड्रिंग एक्ट में केस दर्ज किया**

सौरभ शर्मा के घर से करोड़ों रुपये की संपत्ति और कार से सोने की बिस्किटें और नकदी मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी मामले में अपनी जांच शुरू कर दी है। ईडी ने सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। ईडी के अधिकारियों ने इस दिशा में अपनी जांच शुरू की है कि ये संपत्ति कहां से और कैसे अर्जित की गई, और क्या दूसरे देशों से पैसे का गलत तरीके से लेनदेन हुआ है। वहीं, इसके अलावा डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) भी सोने की जांच कर रहा है। एजेंसी सोना कहां से आया है इसका पता लगाएगी। इसके लिए संबंधितों से पूछताछ की जाएगी।

## संभाग पोस्ट न्यूज़ द्वारा बहुत जल्द पर्दाफाश..!

**एक ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को उजागर किया जाएगा जिसने अपनी शपथ की बुनियाद रिश्वत पर रखी है जो बगैर परसेंटेज लिए एक भी फाइल साइन नहीं करते। ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को सरकार द्वारा एक नहीं दो-दो पद पर आसीन किया गया है सरकार की इस पीड़ा का क्या कारण है की दो पद पर एक व्यक्ति ही आसीन है क्या सरकार की नजर में ऐसे भ्रष्ट अधिकारी के अलावा और कोई योग्य नहीं है**


आपका अपना विश्वसनीय अखबार...
हमेशा आपके साथ

संभाग पोस्ट

आप हमसे अपनी समस्याओं को सांझा कर सकते हैं
बगैर किसी खौफ के विडियो, फोटो,
दस्तावेज के माध्यम से हमारे वाट्सअप नम्बर पर
और संभाग पोस्ट के पाठक सदस्य भी बन सकते हैं...

एक वर्ष की सदस्यता लेने पर
अखबार फ्री... तीन विज्ञापन फ्री...
पाठक सदस्यता आईडी कार्ड फ्री...
न्यूज चैनल पर एक एड फ्री....

सम्पर्क 9009919948

## सुविचार

अपने सर्वोत्तम गुणों का प्रदर्शन करें तो कोई भी आपकी नजरअंदाज नहीं करेगा।

## संपादकीय

# हरियाली का बढ़ता दायरा

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को इंडिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट (आइएसएफआर), जारी की, जिसके अनुसार, 2023 में देश का हरित आवरण बढ़कर 25.17 प्रतिशत हो गया है. वर्ष 2021 में यह आवरण 24.62 फीसदी था. रिपोर्ट के मुताबिक, वनावरण यानी फॉरेस्ट कवर देश के कुल क्षेत्रफल का 21.76 प्रतिशत, जबकि वृक्षावरण यानी ट्री कवर कुल क्षेत्रफल का 3.41 फीसदी है. पहली बार हरित आवरण में जंगलों से बाहर खेतों में लगे पेड़ों को भी हरित आवरण में शामिल किया गया है, जो पर्यावरणविदों के बीच बहस का मुद्दा है. बेशक यह रिपोर्ट एक साल देर से आयी है, पर देश में हरियाली का बढ़ना पर्यावरण के लिहाज से अच्छा है. सराहनीय यह है कि देश के भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 25 प्रतिशत-यानी एक चौथाई हिस्सा अब हरियाली से घिरा है. हालांकि यह हरियाली पूरे देश में एक समान नहीं बढ़ी है. रिपोर्ट के अनुसार, देश के पांच राज्यों-छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और झारखंड में हरित आवरण का दायरा बढ़ा है. जबकि मध्य प्रदेश, कर्नाटक, नगालैंड, बिहार और त्रिपुरा जैसे राज्यों में हरित आवरण कम हुआ है, जो चिंता की बात है, क्योंकि ये राज्य अपनी प्राकृतिक विविधता और सौंदर्य के लिए जाने जाते रहे हैं. इस बार की रिपोर्ट में जंगल में लगने वाली आग के ब्योरों को भी शामिल किया गया है. रिपोर्ट बताती है कि पिछले दो साल में जंगल में आग लगने की सबसे अधिक घटनाएं उत्तराखंड में हुईं. वहां जंगल में आग लगने के कुल 21,033 मामले सामने आये, जबकि ओडिशा में 20,973 मामले और छत्तीसगढ़ में 18,950 मामले सामने आये. सिर्फ यही नहीं कि जंगल में लगने वाली आग से जान-माल, संपत्ति और पर्यावरण का बड़ा नुकसान होता है, बल्कि हाल के वर्षों में विभिन्न कारणों से जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं. हालांकि रिपोर्ट बताती है कि जंगल में आग लगने की घटनाएं 2021-22 में 2.23 लाख थीं, जो 2023-24 में घटकर 2.03 लाख रह गयीं. लेकिन यह आश्वस्ति का कारण इसलिए नहीं हो सकता, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में जंगल में आग लगने के भीषण परिणाम हम लगातार देखते आ रहे हैं. यह भी नहीं भूलना चाहिए कि 1988 की राष्ट्रीय वन नीति में कहा गया था कि कुल हरित आवरण देश के भौगोलिक क्षेत्रफल का कम से कम 33 प्रतिशत यानी एक तिहाई होना चाहिए. देश भर में भूस्खलन और दूसरे प्राकृतिक प्रकोपों को देखते हुए हरित आवरण बढ़ाने का अभियान जारी रहना चाहिए.

# ऑक्सफ़ोर्ड इंटरनैशनल कॉलेज द्वारा 'उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित




■ इंदौर । संभाग पोस्ट

ऑक्सफ़ोर्ड इंटरनैशनल कॉलेज इंदौर में एम.एस.एम.ई (डी.एफ.ओ) इंदौर द्वारा एक दिवसीय 'उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित किया गया। जिसमें संस्थान के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को उद्यमिता विकास के गुर सिखाए गये। एम.एस.एम.ई-डी.एफ ओ इंदौर द्वारा आयोजित उक्त कार्यक्रम में 120 से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता रही। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में संस्था के समूह निदेशक डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि ऑक्सफ़ोर्ड इंटरनैशनल कॉलेज एवं एम.एस.एम.ई (डी.एफ.ओ) इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री दिलीप देव (संस्थापक-एड.डी वायर इंदौर), श्री एस.एस. मंडलोई (महाप्रबंधक-डी.टी.आई.सी इंदौर), श्री सुनील ढाका जी लीड बैंक मैनेजर (बैंक ऑफ इंडिया), श्री गौरव गोयल (सहायक निदेशक-एम.एस.एम.ई-डी.एफ.ओ इंदौर), श्री आदित्य एस.जी व्यास (सी.ई.ओ- दृष्टि सीपीएस फ़ाऊंडेशन, आई.आई.टी इंदौर), श्री पंकज व्यास ( निदेशक बीजा ट्रेनिंग इंदौर), श्री रजनीश शर्मा (संस्थापक- ग्लोबल ट्रेड हाउस, इंदौर) कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया जिसमें उद्घाटन सत्र में संस्था के समूह निदेशक डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी द्वारा सभा अतिथियों का स्वागत किया गया एवं उद्यमिता विकास की अवधारणा को सदन के समक्ष रखा गया।डॉ. द्विवेदी ने बताया कि स्कावलंबी भारत अभियान की सफलता हेतु सभी को आत्मनिर्भर बनने हेतु उद्यमिता से जुड़ना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित लीड बैंक मैनेजर श्री सुनील ढाका ने शासन द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात वरिष्ठ उद्यमी श्री दिलीप देव ने विद्यार्थियों को उद्यमिता विकास के क्षेत्र में स्वयं की यात्रा के बारे में जानकारी दी गई। आई.आई.टी इंदौर के श्री आदित्य व्यास ने स्टार्टअप्स के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिये विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दूसरे चरण में तकनीकि सत्र में अन्य सभी अतिथियों ने उद्यमिता विकास के क्षेत्र में अपनी यात्रा से विद्यार्थियों को अवगत कराया एवं विद्यार्थियों को स्वयं का उद्यम प्रारंभ करने की सलाह दी। समापन सत्र में संस्था के निदेशक डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी ने कार्यक्रम का लक्ष्य एवं सारांश रखा तथा श्री गौरव गोयल ( असिस्टेंट डायरेक्टर-एम.एस.एम.ई-डी.एफ.ओ इंदौर) के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन इंस्टीट्यूट इननोवेशन काउंसिल की संयोजिका दीक्षा विश्वकर्मा ने किया। संस्था की प्राचार्य डा. प्रिया जैन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. विशाल पुरोहित, ज्योति यादव, पूजा सिन्हा, आरती शिंदे , मनोज मंडलोई, अंकित आदि की उपस्थिति रही। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट अक्षांश तिवारी ने उक्त आयोजन को स्वावलंबी भारत अभियान से जोड़ते हुए इसकी प्रशंसा की।

# जस्टिस फॉर अतुल मोदी, पौरूष द्वारा श्रद्धांजलि एवम् कैंडल मार्च नेहरू पार्क से रीगल चौराहे तक निकाला गया

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

जस्टिस फॉर अतुल सुभाष मोदी के कैंपेन को लेकर पुरुष अधिकारों के लिए विगत 15 वर्षों से कार्यरत संस्था पौरुष के द्वारा नेहरू पार्क में अतुल मोदी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। न्यायिक आतंक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नेहरू पार्क से रीगल चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला गया। प्रोग्राम में 5 लाख की घूंस मांगने वाली रिश्वतखोर महिला जज रीता कौशिक के खिलाफ एफ आर आर दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने तथा नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की गई। उपरोक्त जानकारी देते




हुए संस्था पौरुष के अध्यक्ष अशोक दशोरा ने बताया कि कैंडल मार्च में पौरुष के सदस्यों ने ' जस्टिस इस ड्यू' का स्लोगन लिखे हुए टी शर्ट पहन कर नारेबाजी की। अतुल सुभाष मोदी को न्याय दिलाने तथा जन जागरण हेतु पर्चे भी बांटे गए। रीगल चौराहे पर ह्यूमन चैन बनाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

# 24,25 दिसंबर को होगा डॉ. बागरेचा द्वारा आयोजित मिड-ब्रेन एक्टिवेशन वर्कशॉप

■ इंदौर । संभाग पोस्ट

शिक्षालय डे स्कॉलर स्कूल के डायरेक्टर श्रीमान विनय पाल एवं एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल श्रीमती शिवानी डोखले ने हाल ही में बताया कि मिड ब्रेन एक्टिवेशन वर्कशॉप का संचालन भारत की प्रसिद्ध एस्ट्रो कॉस्मिक न्यूमेरोलॉजिस्ट , क्वांटम बायोफील्ड थेरेपिस्ट एवं इवोल्यूशनरी वास्तु एक्सपर्ट डॉ. शिल्पा बागरेचा द्वारा किया जाएगा। एक ज्ञानवर्धक मिड-ब्रेन एक्टिवेशन कार्यशाला दो दिवसीय 24 एवं 25 दिसम्बर को स्कूल में आयोजित की जारही है। इस आयोजन में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग ले रहे है। कार्यशाला में मिड-ब्रेन एक्टिवेशन की आकर्षक अवधारणा में गहराई से उतरते हुए, संज्ञानात्मक क्षमताओं को बढ़ाने, स्मृति में सुधार करने और समग्र मस्तिष्क कार्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। अंक ज्योतिष, वास्तु और समग्र उपचार में विशेषज्ञता रखने वाली एक प्रतिष्ठित पेशेवर डॉ.



डॉ. शिल्पा बागरेचा
ज्योतिषी एवं वास्तु विशेषज्ञ

बागरेचा ने प्रतिभागियों को इंटरैक्टिव अभ्यासों और प्रदर्शनों की एक श्रृंखला के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

**कार्यशाला में कई विषयों को शामिल किया गया है, जिनमें शामिल हैं:**

**मिड-ब्रेन को समझना:** प्रतिभागियों ने मस्तिष्क की संरचना और कार्यों के बारे में जानकारियां प्राप्त कीं, जिसमें मिड-ब्रेन और संज्ञानात्मक विकास में इसकी भूमिका पर विशेष ध्यान ।

**सक्रियण तकनीकः** डॉ. बागरेचा द्वारा मिड-ब्रेन को उत्तेजित करने के लिए व्यावहारिक तकनीकों और अभ्यासों को साझा किया जाएगा जिसमें दृश्यीकरण, ध्यान और ब्रेन जिम गतिविधियां शामिल होंगी।

**मिड-ब्रेन सक्रियण के लाभः** कार्यशाला ने मिड-ब्रेन को सक्रिय करने के कई लाभों पर प्रकाश डाला, जैसे कि बेहतर स्मृति, बढ़ी हुई रचनात्मकता, बढ़ा हुआ फोकस और त्वरित सीखने की क्षमता।

शिक्षालय डे स्कॉलर स्कूल के डायरेक्टर्स ने डॉ. बागरेचा द्वारा साझा की गई मूल्यवान अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक ज्ञान के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की।कार्यशाला में व्यक्तियों के लिए अपने मन की अप्रयुक्त क्षमता का पता लगाने और आत्म-खोज और व्यक्तिगत विकास की यात्रा शुरू करने के लिए एक मूल्यवान मंच के रूप में कार्य किया जाएगा।शिक्षालय डे स्कॉलर स्कूल अपने छात्रों और व्यापक समुदाय के लिए अभिनव और समृद्ध अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मिड-ब्रेन एक्टिवेशन कार्यशाला स्कूल की समग्र विकास को पोषित करना।

# डिजिटल अरेस्ट है साइबर क्रिमिनल्स का एक जाल, यदि हम सतर्क व जागरूक रहेंगे तो समझ जाएंगे उनकी चाल

## इंदौर पुलिस की साइबर पाठशाला में Jain Engineer society के इंजीनियर्स व उनके परिवारजन ने विभिन्न साइबर फ्रॉड के तरीकों के साथ ही लिया, उनसे बचने का भी ज्ञान



**इंदौर । संभाग पोस्ट**

वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये, इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस द्वारा लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में आज दिनांक 22.12.24 को अति. पुलिस उपायुक्त क्राइम इंदौर ने पुलिस टीम के साथ Jain Engineering Society इंदौर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर, इंजीनियर्स व उनके परिवार को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया।

सायबर अवेयरनेस के तहत आयोजित उक्त कार्यक्रम में एडीशनल डीसीपी क्राइम श्री राजेश दंडोतिया ने, 357 वीं कार्यशाला में वहां उपस्थित करीब 120 इंजीनियर्स उनके परिजन व बच्चों को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों और इनसे बचने के तरीकों को बताते हुए, उन्हें पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर, विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड, फाइनेंशियल फ्रॉड और सोशल मीडिया से संबंधित अपराधों की जानकारी दी और साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन-1930, पोर्टल म्बीम्ग्सुदन.ग्ह, इंदौर पुलिस की साइबर हेल्पलाइन 7049124445 आदि पर किस प्रकार शिकायत करें तथा पुलिस इन पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में, प्रैक्टिकली बताया।

उन्होंने सभी से कहा कि वर्तमान में लगभग अधिकतर कार्य और विशेषकर बैंकिंग कार्य ऑनलाइन हो गया है, इसी का दुरुपयोग कर साइबर क्रिमिनल्स बैंकिंग और फाइनेंशियल फ्रॉड पर ही सबसे ज्यादा फोकस्ड कर, लोगों को लुभावने ऑफर और डर दिखाकर फेक कॉल्स व फर्जी लिंक और नए-नए विभिन्न तरीको से अपने जाल में फंसा विभिन्न फाइनेंशियल और डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड कर रहे है। सतर्कता और जागरूकता से ही इससे बचा जा सकता है।

उन्होंने Digital arrest फ्रॉड के सामान्य तरीको के बारे में बताया कि, साइबर क्रिमिनल्स-FedEx या अन्य कोरियर सर्विस कंपनी के पार्सल के नाम पर, एयरपोर्ट पर पार्सल में मिले अवैध मादक पदार्थ या निजी दस्तावेज के नाम पर,

आपके किसी परिजन के किसी कानूनी केस में इन्वॉल्व होने के नाम पर,

मनी लॉन्ड्रिंग या अन्य केस में आपके ट्रांजेक्शन की जांच के नाम पर

या ऐसे ही किसी गैरकानूनी गतिविधियों के नाम पर, फर्जी पुलिस ऑफिसर, CBI, ED आदि सरकारी एजेंसियों के अधिकारी बनकर, कॉल/वीडियो कॉल कर डिजिटल अरेस्ट का कहें तो उनकी बातों में न आएं।

कानून में Digital arrest जैसा कोई प्रावधान नहीं है, ऐसा कोई कॉल आए तो समझ जाएं कि ये फ्रॉड है।

अतः उनकी बातों में न आये। सतर्क व जागरूक रहें, अनजान व्यक्ति के द्वारा कितना भी भरोसा दिलाने के बाद भी अपनी बैंकिंग एवं निजी जानकारी कभी भी साझा न करें।

इस अवसर पर सभी इंजीनियर्स व उनके परिवारजन ने साइबर सुरक्षा संबंधी बारिकियों को जाना और इंदौर पुलिस की इस मुहिम की सराहना करी।

इंदौर पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने के इस अभियान के तहत, यदि कोई स्कूल/कॉलेज, संस्थान, इकाई, कॉलोनी आदि में भी साइबर अवेयरनेस की कार्यशाला आयोजित करना चाहता है या कोई जानकारी चाहता है तो वह इंदौर पुलिस के नंबर 7587629846 पर संपर्क कर सकता है।

## मप्र एनजीओ महासंघ के पोस्टर का विमोचन, सेवा सप्ताह के लिए भी मिला समर्थन

**इंदौर । संभाग पोस्ट**

मध्यप्रदेश एन.जी.ओ महासंघ के सदस्यों ने भोपाल में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मिलकर सामाजिक कार्यों को गति देने की मांग की। इंदौर से गए सदस्यों ने बताया कि हमने जिन क्षेत्रों में मदद की जरूरत है वह विषय बताए।



### सेवा सप्ताह मनाने के लिए की मुलाकात

50 से अधिक विधायकों, 3 महापौर, 8 मंत्री व अन्य कई जनप्रतिनिधियों विश्व एन.जी.ओ दिवस को एन.जी.ओ सेवा सप्ताह के रूप में बनाने के लिए सहमति दी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पत्र लिखकर मध्यप्रदेश एन.जी.ओ महासंघ के द्वारा चलाई जा रही मुहिम को अपना समर्थन भी दिया। 300 से भी अधिक एन.जी.ओ द्वारा विश्व एनजीओ दिवस मनाने के लिए हस्ताक्षर अभियान के तहत अपना समर्थन दिया गया।

### वल्लभ भवन में हुआ पोस्टर का विमोचन

मध्यप्रदेश एनजीओ महासंघ के अध्यक्ष शशि सातपुते व कोर कमिटी सदस्य श्रेयांश जैन, राकेश बाथरे, आशीष कुमार गुप्ता, रविन्द्र जाधव, हिन्द एकता परिवार टैक्सी यूनियन के सदस्य राहुल सोलंकी, संदीप बाघेला, सचिन सोलंकी आदि सदस्यों द्वारा 27 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले विश्व एनजीओ दिवस के कार्यक्रम का पहला पोस्टर भी विधायक प्रदीप अग्रवाल द्वारा वल्लभ भवन परिसर में विमोचन करवाया गया।

# 1000 रुपए तक कपड़ों को जीएसटी से बाहर किए जाने के लिए वित्त मंत्री को पत्र

## सांसद प्रतिनिधि डॉ.संतोष वाधवानी ने उठाई मांग

**इंदौर । संभाग पोस्ट**

राजस्थान के जैसलमेर शहर में आयोजित हुई 55 वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में लग्जरी वस्तुओं को का दायरा बढ़ाकर 28% टैक्स से अधिक दायरे में लाने का सुझाव सराहनीय है किंतु वहीं रु. 1000 तक कपड़ों पर 5% टैक्स को समाप्त किए जाने की मांग सांसद प्रतिनिधि डॉ. संतोष वाधवानी ने उठाई है इसके लिए उन्होंने वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर मांग की है कि गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए यह एक बेसिक आवश्यकता है इस वजह से ऐसे जीएसटी के दायरे से बाहर किया जाना चाहिए। डॉ संतोष वाधवानी ने कहा है कि यह उल्लेखनीय है कि वर्तमान में जीएसटी के एक चार-स्लैब हैं, जिसके तहत सामान पर 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत टैक्स लगाया जाता है। लग्जरी वस्तुओं पर सबसे ज्यादा 28 प्रतिशत टैक्स लगाया जाता है, जबकि डिब्बा बंद फूड पदार्थ और आवश्यक वस्तुओं पर सबसे कम पांच प्रतिशत की दर से टैक्स लगाया जाता है। कपड़ों पर 1500 रुपये तक की कीमत वाले रेडिमेड कपड़ों पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला पुनर्विचार किया जाना चाहिए यद्यपि 1500 रुपये से 10 हजार रुपये के बीच की कीमत के कपड़ों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। 10 हजार रुपये से अधिक की लागत वाले कपड़ों पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने का फैसला उचित है।




### आर्थिक समानता के लिए आवश्यक

सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर संतोष वाधवानी ने बताया है कि भारत के संविधान में आर्थिक समानता के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं जिसमें गरीबों और अमीरों के बीच खाई को पाटने के लिए यह बहुत जरूरी है कि सरकार इस प्रकार के साहसपूर्ण निर्णय ले जो कि मोदी सरकार से अपेक्षा की जा सकती है।

# इंदौर के उभरते लेखक विशाल पाठक की पुस्तक 'अहम् ब्रह्मास्मि' बनी अमेज़न बेस्टसेलर

**इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर के युवा लेखक, चिंतक और विचारक श्री विशाल पाठक ने अपनी अद्भुत लेखनी से पाठकों का दिल जीत लिया है। उनकी हाल ही में प्रकाशित पुस्तक 'अहम् ब्रह्मास्मि' ने अमेज़न पर बेस्टसेलर का दर्जा प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल लेखक के लिए बल्कि इंदौर के साहित्यिक जगत के लिए भी गर्व की बात है। 'अहम् ब्रह्मास्मि' एक दार्शनिक और आध्यात्मिक पुस्तक है, जो आत्मा, ब्रह्मांड और मानव जीवन के गहरे रहस्यों पर आधारित है। श्री विशाल पाठक ने अपने गहन चिंतन और सरल भाषा के माध्यम से जटिल विषयों को बेहद सहज और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया है। विशाल पाठक ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पाठकों और इंदौर की सांस्कृतिक विरासत को दिया है। उन्होंने कहा, 'यह पुस्तक मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मैंने इसे अपनी आत्मा की गहराइयों से लिखा है और पाठकों से जो प्रतिक्रिया मिली है,






वह मेरे लिए अमूल्य है।' अमेज़न पर इसे पाठकों ने खूब सराहा और इसे दार्शनिक और आत्मविकास की श्रेणी में शीर्ष स्थान दिया। समीक्षकों का कहना है कि यह पुस्तक जीवन के प्रति एक नई दृष्टि प्रदान करती है और पाठकों को आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित करती है।

### विशाल पाठक की लेखन यात्रा

विशाल पाठक इंदौर के साहित्य जगत में एक उभरता हुआ नाम हैं। उनकी लेखनी में भारतीय दर्शन, आध्यात्म और आधुनिक विचारों का अनूठा समावेश देखने को मिलता है। 'अहम् ब्रह्मास्मि' उनकी पहली पुस्तक है, और इसे मिली सफलता ने उन्हें देशभर में एक पहचान दिलाई है। अगर आप भी इस पुस्तक को पढ़ना चाहते हैं, तो यह अमेज़न पर उपलब्ध है। 'अहम् ब्रह्मास्मि' न केवल पढ़ने के लिए प्रेरित करती है बल्कि जीवन को नए आयाम से देखने की दृष्टि भी प्रदान करती है।

## ग्राम सुरक्षा समिति सदस्यों एवं आम जनता के बीच संवाद कार्यक्रम




# झाबुआ पुलिस की महिला अपराध, साइबर क्राइम रोकथाम, बालिका सशक्तिकरण, शिक्षा जागरुकता की दिशा में विशेष पहल





**■ झाबुआ । संभाग पोस्ट**

पुलिस अधीक्षक झाबुआ पद्मविलोचन शुक्ल के मार्गदर्शन में जिले में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों एवं आम जनता के बीच संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इनके माध्यम से महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, बालिका सशक्तिकरण, साइबर क्राइम, बालिका शिक्षा की दिशा में आम जनता के बीच जाकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक झाबुआ पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा ग्राम बन रानापुर में ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों एवं आम जनता के बीच संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक शुक्ल द्वारा आमजन को समाज में व्याप्त कुरीतियों के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए कहा की कम उम्र में बच्चों की शादी करने से वह पढ़ाई लिखाई नहीं कर पाते हैं और गुजरात व अन्य राज्यों में मजदूरी करने को विवश हो जाते हैं, इसलिए हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिये स्कूल भेजना चाहिए व उनकी प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखने की बात भी समझायी।उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करने हेतु नारा दिया कि 'आज हम अपने लिए पढ़ेंगे, तो कल देश को गढ़ेंगे'। साथ ही उन्होंने शराब के सेवन से शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा की शराब से शरीर को नुकसान तो होता ही है साथ ही धन की भी बर्बादी होती है इसलिए हमें शराब व अन्य प्रकार के नशों के सेवन से दूर रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि दहेज के लिए व्यक्ति अपनी जमीन गिरवी रख के दूसरों से कर्ज लेता है और धीरे धीरे ऋण जाल में फंसकर अपनी जमीन गंवा देता है। इसलिए हमें दहेज दापा जैसी कुरीतियों को त्यागने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम में डीजे के दुष्प्रभावों से ग्रामीणों को अवगत कराया। शादियों व अन्य उत्सव में डीजे के प्रयोग को बंद करने व शादियों में जरूरत से ज्यादा वाहनों को उपयोग न करने हेतु आमजन को समझाइश दी।प्रचलित भांजगढी प्रथा के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा की किसी व्यक्ति के मृत शरीर का अंतिम संस्कार करने के बजाय उसे रखकर रूपये पैसे के लिए भांजगढ़ी करना, उस मृत शरीर का अपमान है, इसलिए हमे भांजगढ़ी जैसी प्रथाओं को त्यागना चाहिए। उन्होंने ट्रैफिक नियमों के बारे में लोगों जागरूक किया कि हम हजारों रुपए की गाड़ी ले सकते हैं लेकिन अपनी सुरक्षा के लिए एक हेलमेट नहीं ले सकते। सड़क दुर्घटना में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण सिर में चोट लगना है,इसलिए हमें हमेशा दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में साइबर क्राइम के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए उन्होंने ओटीपी धोखाधडी, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में लोगों को जागरूक किया। आधार कार्ड के प्रयोग के बारे में उन्होंने बताया की यदि हम किसी कार्य जैसे सिम लेने, होटल आदि में अपना आधार प्रयोग करते है तो आधार कार्ड की प्रति पर उस कार्य का उल्लेख करके ही संबंधित को अपने आधार कार्ड की छाया प्रति दें। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक शुक्ल द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को अपने बच्चों को कम से कम 12वीं तक पढ़ाने, बाल विवाह न करने, नशा न करने, भांजगढ़ी न करने, डीजे का उपयोग बंद करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक कमलेश शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार जेजुरकर, थाना रानापुर प्रभारी निरीक्षक दिनेश रावत, थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आर. सी. भस्करे, ट्रैफिक थाना प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह बघेल, रक्षा सखी प्रभारी उप निरीक्षक अनिता तोमर, साइबर टीम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में एसडीओपी झाबुआ रूपरेखा यादव ने उपस्थित ग्रामीणों व गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया। अयोजन की काफी प्रशंसा हो रही हैं।

# कपास मंडी में किसानों ने किया हंगामा



## कपास खरीदने से किया मना

**■ खरगोन । संभाग पोस्ट**

खरगोन। शहर की आनंद नगर स्थित कपास मंडी में भारतीय कपास निगम (सीसीआई) द्वारा की जा रही खरीदी लगातार विवादों में घिरती जा रही है। सोमवार को भी ऐसी ही स्थिति उस वक्त बनी जब सीसीआई को अपनी उपज बेचने के लिए कतार में लगे किसानों के कपास वाहनो को रिजेक्ट कर दिया गया। इसके चलते किसानों ने हंगामा करते हुए सीसीआई सहित मंडी प्रबंधन पर मनमानी एवं अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन शुरु कर दिया। हंगामा कर रहे किसानों ने पहले मंडी गेट बंद कर चक्काजाम प्रदर्शन किया फिर अर्धनग्न होकर नारेबाजी की।

कृषक महेश सोलंकी बड़वाह ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार जय जवान, जय किसान का नारा लगाती है, यह किसानों के लिए शर्म का कारण बन गया है, आए दिन ठगी का शिकार होने से किसान जय जवान नही, मुर्ख किसान बनता जा रहा है। पिछले चार दिन से उपज लेकर मंडी में डेरा डाले है, अब उपज बिक्री की बारी आई तो कपास रिजेक्ट कर दिया, जबकि अच्छी गुणवत्ता का कपास है। वही मंडी प्रभारी ने किसानों के आरोपों को नकारते हुए कहा कि सीसीआई द्वारा करीब 250 वाहनों की खरीदी की जा रही है, इसमें जो कपास उनके मापदंड पर खरा नही उतरता उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है। सोमवार को भी जिनके कपास को रिजेक्ट किया वह किसान प्रदर्शन करने लगे। रामचंद्र भास्करे मंडी प्रभारी महेश सोलंकी किसान बड़वाह आत्माराम यादव किसान, जाकीर खान किसान।

## उज्जैन में महाकाल मंदिर के दो कर्मचारियों की सेवा समाप्त, भक्तों से वसूली मामले में एक्शन

**■ उज्जैन । संभाग पोस्ट**

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं से अवैध वसूली पर बड़ा एक्शन हुआ है. मंदिर समिति के दो कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी गई है. अभी आरोपियों से पुलिस कड़ी पूछताछ कर रही है. उम्मीद है कि मामले में और भी गिरफ्तारी हो सकती है. अवैध वसूली का खुलासा होने पर पुलिस ने राकेश श्रीवास्तव और विनोद चौकसे को गिरफ्तार कर लिया. महाकालेश्वर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं ने दोनों कर्मचारियों के खिलाफ अवैध वसूली की शिकायत की थी. शिकायत पर दोनों के खिलाफ पहले प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई. लेकिन ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के आधार पर पुलिस ने अवैध वसूली का मामला भी दर्ज कर लिया है. दोनों कर्मचारियों से पूछताछ के दौरान कई खुलासे हुए हैं. महाकालेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष और उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है.

रामसेवक दुबे
9406621084
पूजा बुक्स एण्ड स्टेशनर्स
CBCE स्कूल बुक्स
चिल्ड्रन बुक्स
ऑफिस स्टेशनरी
कम्प्यूटर स्टेशनरी
स्कूल स्टेशनरी एवं
गिफ्ट आयटम
6/3, सुंदर अपार्टमेन्ट, क्लर्क कालोनी चौराहा, श्री सत्य सांई बाल विनय मंदिर के सामने, इन्दौर मों

|| श्री गणेश || || जय माँ भगवती ||
सेवक राम केवट (छोटू उस्ताद)
मो. 9826012658, 9131711406
माँ नर्मदा केटरर्स
107, नार्थ मुसाखेड़ी, अजयबाग कॉलोनी, इन्दौर
शादी, पार्टी, पिकनिक, जन्मदिन पर कच्ची एवं पक्की रसोई की सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु सम्पर्क करें।

अनुप यादव 9617246247
अमन यादव 7773007307 8770131488
सावित्री हार्डवेयर
सेनेटरी एण्ड पेन्ट्स
ASTRAL PIPES
92 हीरा नगर MR-10 मेन रोड, इन्दौर (म.प्र.)

# इंदौर हुआ हनुमानमय

## शहर में अलसुबह निकली बाबा रणजीत की प्रभातफेरी में लाखों लोग जुटे




**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर के पश्चिम क्षेत्र में सोमवार को उत्सव जैसा माहौल था। चारों तरफ भीड़ ही भीड़, भक्तों के लिए सजे व्यंजनों के स्टॉल से उठती महक और भक्ती से भरा माहौल। मौका था बाबा रणजीत की प्रभातफेरी का। रात ढलते ही लोग बाबा रणजीत के दर्शनों के लिए घरों से निकल पड़े। उषानगर मेन रोड पर तो दीपावली जैसा नजरा था। रोशनी से लक-दक मंचों के आसपास भगवा पताकाएं लहरा रही थीं। आतिशबाजी से आसमान रंगीन था और भक्त जय बाबा रणजीत के नारे लगा रहे थे। सोमवार सुबह आरती के बाद बाबा रणजीत की प्रभातफेरी निकली। इसकी तैयारी रविवार रात से ही हो गई थी। पूरी सड़क पर विशेष सफाई की गई, क्योंकि भक्त नंगे पैर इस प्रभातफेरी में शामिल हुए। प्रभातफेरी में शामिल लाखों भक्तों की आवभगत के लिए पश्चिम क्षेत्र के रहवासी संघों व अलग-अलग संगठनों ने चाय, पोहे, काफी, बिस्किट, गाजर का हलवा, खीर सहित अन्य व्यंजनों के स्टॉल लगाए थे। प्रभातफेरी चार किलोमीटर लंबे मार्ग पर निकली। उषा नगर, महूनाका, अन्नपूर्णा मंदिर, नरेंद्र तिवारी मार्ग होते हुए फिर मंदिर तक सुबह आठ बजे तक पहुंची। प्रभातफेरी में सबसे आगे नासिक ढोल दल, नृतक दल, हनुमान और रामदरबार की झांकी चल रही थी। बाबा रणजीत के रथ के आगे मंदिर के मुख्य पुजारी और नेता पैदल चल रहे थे। मंदिर के भक्त मंडल के सदस्यों के अलावा पुलिस ने भी व्यवस्था संभाल रखी थी। बाबा के रथ से भी आतिशबाजी हो रही थी। महूनाका चौराहा पर सुबह सात बजे प्रभातफेरी पहुंची, तब तक उजाला हो चुका था। कोहरे और ठंड के माहौल के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हो रहा था। दर्शन के लिए चौराहे पर लगातार भीड़ बढ़ती जा रही थी।

### 1985 में ठेले पर निकलती थी प्रभातफेरी

रणजीत हनुमान की प्रभातफेरी वर्ष 1985 में ठेले पर भगवान की तस्वीर रखकर निकाली जाती थी और मुट्ठीभर भक्त ही इसके लिए जुटते थे। तब यात्रा महूनाका चौराह पर निकलती थी। धीरे-धीरे प्रभातफेरी का स्वरूप बदलने लगा। वर्ष 2008 में बग्घी पर बाबा की प्रतिमा रखकर यात्रा निकाली गई, लेकिन वर्ष 2016 तक भक्तों की संख्या हजारों में जुटने लगी। इसके बाद हर साल भक्तों की संख्या में इजाफा होने लगा। पिछले साल तीन लाख लोगों से ज्यादा की भीड़ प्रभातफेरी में शामिल हुई थी।







RAVI S. SAHU
Managing Director
+91-98260-77714
स्वाद का जादू-जागे घर घर...
रवि®
मसाले बस चुटकी भर...
मसाले एवं पापड़
RAVI HOME INDUSTRIES
12, Nirmal Nagar, Piplyahana, Indore - 452 001, Ph.: 0731-2490449
Web : www.ravihomeind.com | E-mail : ravisahurhi@gmail.com



त्रिगुण दास बौरासी
कुलदीप बौरासी
मो. 9405852932
लक्ष्मी आप्टीशियन
फोन : 0731-2545493
सभी प्रकार के नजर व धूप के चश्मे बनाए जाते हैं
352/2, पाटनीपुरा (भेरु मंदिर के पीछे) प्रिंस टेलर के बीच वाली गली में, इंदौर

शुद्ध मावे की मिठाइयों के निर्माता एवं विक्रेता
श्री चारभुजा स्वीट्स एवं नमकीन
गुलाब जामुन, मावाबाटी, काला जामुन, रसगुल्ला इत्यादि
662/9, नेहरु नगर, अटल द्वार, इन्दौर
शाखा : 60, न्यू देवास रोड, राजकुमार ब्रिज, इंदौर

# श्री गोविंद राम सेकसरिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में दिए सात स्वर्ण पदक

■ **इंदौर। संभाग पोस्ट**

डॉ. एसएम दासगुप्ता स्मृति शिक्षा समिति द्वारा श्री गोविंद राम सेकसरिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में सात स्वर्ण पदक दिए गए। समिति के अध्यक्ष सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपने करकमलों से स्वर्ण पदक भेंट किए। सम्मान समारोह में जितेंद्र शर्मा अप्लाइड फिजिक्स डिपार्टमेंट, दिलीप कोकटे जनरल ऑफिस एवं तकनीकी स्टाफ कैटेगरी में हरसिंगार टेटवाल स्वर्ण पदक 25,000/- शाल-श्रीफल से सम्मानित किया गया। असिस्टेंट प्रोफेसर की कैटेगरी में सुश्री










उर्मिला रघुवंशी एप्लाइड केमिस्ट्री डिपार्टमेंट से एवं एसोसिएट प्रोफेसर कैटेगरी में सुश्री रचना नवलखे अप्लाइड मैथमेटिक्स डिपार्मेंट से को स्वर्ण पदक एवं 25,000/- शाल -श्रीफल के साथ सम्मानित किया गया। आउटस्टैंडिंग स्टूडेंट महिला कटेगरी में तनीषा अग्रवाल मैकेनिकल इंजीनियरिंग से एवं आउटस्टैंडिंग स्टूडेंट पुरुष कैटेगरी में अभिज्ञान पुरोहित इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग को भी स्वर्ण पदक एवं 25,000/-की राशि के साथ ही शाल - श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में श्री गोविंद राम सेकसरिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के पूर्व एवं वर्तमान प्राचार्य, टीचर्स एवं पूर्व एवं वर्तमान छात्र मौजूद थे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में स्टेट प्रेस क्लब, मप्र के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, अपोलो क्रिएशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल अग्रवाल,पाथ इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन अग्रवाल के साथ ही इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर डॉ. नीतिश एवं एल्यूमिनी अध्यक्ष डीएल गोयल भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन तपन मुखर्जी एवं विकास गुप्ता ने किया। कार्यक्रम की जानकारी सुधीर एरन ने दी।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर ऑनलाइन कार्यशाला संपन्न



■ **इंदौर। संभाग पोस्ट**

अप्लाइड फॉरेंसिक रिसर्च साइंसेस इंदौर द्वारा क्रिमिनल साइकोलॉजी ( आपराधिक मनोविज्ञान) विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर ऑनलाइन कार्यशाला रखी गई इसके संयोजक और सहसंयोजक क्रमशः डॉ मुकुल शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर, फोरेंसिक मेडिसिन और विष विज्ञान विभाग, एआईआईएमएस (AIIMS) रायबरेली उत्तर प्रदेश और राकेश मियां अध्यक्ष अप्लाइड फॉरेंसिक रिसर्च साइंसेस इंदौर थे। कार्यशाला के अतिथि वक्ता डॉ. कामिनीदेवी किशोर भोईर मनोचिकित्सक परामर्शदाता, पुलिस अस्पताल नागपाड़ा मुंबई उनके द्वारा अपराधिक मनोवैज्ञानिक के कई पहलू को उजागर किया और अनुभव साझा किया भारतवर्ष सी उपस्थित श्रोतागण जिसमें पुलिस महा निरीक्षक (प्रशिक्षण) झारखंड रांची आदेश अनुसार 30 ज्यादा पुलिस निरीक्षक, डॉक्टर और कई विश्वविद्यालय से प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, छात्र उपस्थित रहे। डॉ. भोईर द्वारा अपराधिक पहलू पर अपने जीवन के अनुभव को सभी के साथ सांझा किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने आपराधिक मामलों की जांच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के महत्व पर चर्चा की। अप्लाइड फॉरेंसिक रिसर्च साइंसेज भारत का पहला फॉरेंसिक साइंस स्टूडेंट रजिस्टर्ड ऑर्गनाइजेशन है जो फॉरेंसिक साइंस, साइबर फॉरेंसिक, क्रिमिनोलॉजी, लॉ, आदि विषयों पर कार्यशाला, कॉन्फ्रेंस आदि का आयोजन करता है। जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ, विद्यार्थी, उपस्थित होते हैं। अधिक जानकारी के लिए www.appliedforensicresearchsciences.in पर जाएं।

# कांग्रेस का महाघेराव, भाजपा कार्यकर्ताओं पर केस दर्ज करने की मांग

■ **इंदौर। संभाग पोस्ट**

**इंदौर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पुलिस कमिश्नर कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस का आरोप है कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस दफ्तर पर हमला किया था, लेकिन इस मामले में पुलिस ने आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की।**

जीतू पटवारी ने आरोप लगाया जुलूस के रूप में पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश की पुलिस भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। उन्होंने पुलिस को चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यालय पर हमला करने वालों पर सात दिनों के भीतर नामजद केस दर्ज किया जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो 30 हजार से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय का घेराव करेंगे। पटवारी ने कहा कि पुलिस को बार-बार समझाने और चेताने के बावजूद अगर उन गुंडों पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा अध्यक्ष के पास जाएंगे और उनसे पूछेंगे कि बाबा साहब अंबेडकर का अपमान करने वालों के समर्थन में वे हैं या नहीं। यदि वे समर्थन करते हैं तो हम इसे सार्वजनिक करेंगे ताकि गृह मंत्री अमित शाह की सोच सामने आ सके। उन्होंने कहा कि ऐसे में अमित शाह की निंदा होनी चाहिए। साथ ही आरोप लगाया कि ये गुंडे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला और भाजपा के कार्यकर्ता हैं।

# इंदौर की फैक्ट्री में भीषण आग, केमिकल प्लांट भी चपेट में

■ **इंदौर। संभाग पोस्ट**

इंदौर के सांवेर रोड क्षेत्र में सोमवार सुबह एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आग की लपटें और उससे उठता काले धुएं का गुबार इतनी दूर तक फैल गया कि इसे आसपास के इलाकों से भी साफ देखा जा सकता था। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। हालांकि, आग की तीव्रता को देखते हुए और दमकल गाड़ियों को बुलाने की जरूरत पड़ी। आसपास की फैक्ट्रियों के कर्मचारियों ने इस घटना की सूचना दी, जिसके बाद दमकल कर्मियों ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि आग के कारण फैक्ट्री के आसपास भारी मात्रा में धुआं फैल गया, जो हवा के जरिए दूर तक फैलता गया। आग की लपटें पास की एक केमिकल फैक्ट्री तक भी पहुंच गईं, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। इस केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से आस-पास के क्षेत्र में और ज्यादा खतरा पैदा हो गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि घटना के समय फैक्ट्री में काम कर रहे सभी कर्मचारी समय रहते बाहर निकलने में सफल रहे। इससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। फिलहाल आग पर काबू पाने का प्रयास लगातार जारी है। दमकल विभाग की छह गाड़ियां और करीब 30 से अधिक फायरकर्मी इस काम में लगे हुए हैं। आग की भीषणता को देखते हुए पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

**APPLIED FORENSIC SCIENCE LABORATORY**

Email: afslindore23@gmail.com Mobile No: +91 9366381689 +91 9977649317

SERVICES
- Handwriting Examination.
- Signature Examination.
- Fingerprint Examination.
- Deleted Data Recovery from Mobile Phones, Hard Drive.
- Laptop, Desktop Computer, Pen drive.
- Complete Examination of Digital Instrument i.e. Mobile.
- phones, Laptop, Desktop Computers, in case of Hacking.
- Voice Analysis and Voice Comparison.
- Examination of Alteration in any Documents.
- Examination of Erased Writing.
- Examination of Audio Clips and Video Clips.
- Preparation of Fingerprint Records for Corporate Offices.
- Examination of Arson Cases.
- DNA Examination for Paternity and Maternity.
- Forensic Consultancy.
- Forensic Investigation of Insurance Claims.
- Property Investigation.
- Crime Scene Investigation.
- Audio Transcription.

FORENSIC EXPERT

Rakesh Mia
+91 93663 81689

Vijay Panchal
+91 9977649317

Head Office
Applied Forensic Science Laboratory
8/1, 2nd foor, Moti Tabela, Near
Collectorate Office, Indore, MP, 452007

Branch Office
Chandra Forensic Science
lab
Chandigarh/New Delhi

# इंदौर की एक सड़क जोड़ेगी तीन रेलवे स्टेशन और दो बस स्टैंड, शुरू होगा निर्माण

■ इंदौर। संभाग पोस्ट

पिछले सिंहस्थ के समय बनी आधी एमआर-4 सड़क को तीन साल बाद लगने वाले सिंहस्थ मेले से पहले पूरा किया जाएगा। यह सड़क लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन से कुमेड़ी पर बने नए बस स्टेशन तक बनेगी।



इसके बाद यह सड़क दो बस स्टैंड और मुख्य रेलवे स्टेशन, लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन और पार्क रोड रेलवे स्टेशन तक जुड़ेगी। जिन 23 सड़कों का निर्माण नगर निगम कर रहा है। उसमें इसका निर्माण प्राथमिकता से किया जाएगा।

आठ किलोमीटर लंबी इस सड़क के चार किलोमीटर हिस्से का काम होना है। दस साल पहले यह सड़क इंदौर विकास प्राधिकरण ने बनाई थी,लेकिन अब इसके निर्माण का जिम्मा नगर निगम को सौंपा गया है। यह सड़क फोरलेन बनेगी और इसके निर्माण के बाद विजय नगर, परदेशीपुरा, सुखलिया ग्राम व श्रमिक क्षेत्र का ट्रैफिक डायवर्ट होगा।

वाहन एमआर-10 से सीधे मालवा मिल, रीगल प्रतिमा, भागीरथपुरा की तरफ जा सकेंगे। यह सड़क नाले के किनारे बनेगी। पिछली बार इस सड़क के निर्माण के लिए सिंहस्थ मद से 30 करोड़ रुपये इंदौर विकास प्राधिकरण को मिले थे, लेकिन बाधक हिस्से नहीं हट पाने के कारण दो लेन सड़क ही बन पाई थी। इस सड़क के लिए रेल विभाग ने भी प्राधिकरण को जमीन दी थी।

## बड़े पैमाने पर हटेंगे बाधक निर्माण

इस सड़क में सबसे बड़ी बाधा भागीरथपुरा बस्ती है। यहां करीब 200 से ज्यादा निर्माण बाधक हैं। सड़क की जद में आ रहे निर्माणों को नोटिस दिया गया है, लेकिन अभी तक लोगों ने स्वेच्छा से निर्माण नहीं हटाए है। जल्दी ही उन्हें हटाया जाएगा। दो माह के भीतर सड़क के निर्माण का लक्ष्य रखा है।

# कचरे से खाद बनाएगा इंदौर एयरपोर्ट, कमाई भी करेगा, देश में पहली बार

■ इंदौर। संभाग पोस्ट

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर का देवी अहिल्या एयरपोर्ट भी अब जीरो वेस्ट एयरपोर्ट बनने जा रहा है। 22 दिसंबर को केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू रीसायकल प्लांट का लोकार्पण करेंगे। सांसद शंकर लालवानी ने अधिकारियों को एयरपोर्ट को जीरो वेस्ट एयरपोर्ट पर काम करने के लिए कहा था, जो अब साकार रूप ले चुका है।

## कचरे से कंचन तक का सफर

सांसद लालवानी ने बताया कि इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर है और इंदौर ने कचरे से कंचन तक के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को पूरा किया है। इसी तरह इंदौर एयरपोर्ट को जीरो वेस्ट एयरपोर्ट बनाने का लक्ष्य रखा था और यहां के सफाई मित्रों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की मेहनत से अब यह भारत का पहला जीरो वेस्ट एयरपोर्ट बन चुका है, जिसका लोकार्पण केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री करेंगे।

## कचरे से खाद बनाएगा एयरपोर्ट

इंदौर एयरपोर्ट को जीरो वेस्ट बनाने की मूल अवधारणा फोर आर यानी रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल और रीस्टोर है। पहले इंदौर एयरपोर्ट को कचरे का निस्तारण करने के लिए नगर निगम को शुल्क चुकाना पड़ता था लेकिन इस प्लांट के बनने के



बाद आने वाले दिनों में एयरपोर्ट इससे कमाई भी करेगा। एयरपोर्ट पर एयरलाइन्स, दुकानों एवं गार्डन से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे के निस्तारण की व्यवस्था की गई है। इसमें गीले कचरे से कंपोस्ट खाद बनाया जाएगा, वहीं सूखे कचरे को अलग कर लिया जाएगा। बल्क वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स के हिसाब से 3 हजार स्क्वायर फीट की मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी बनाई गई है। इस पूरे प्रोजेक्ट को मूर्त रूप देने में इंडिगो एयरलाइंस सीएसआर फंड से मदद की है। साथ ही एयरपोर्ट ऑथोरिटी, संस्था आस एवं इंदौर नगर निगम की प्रमुख भूमिका रही है।

# 'ज़िन्दगी अतरंगी सी..' का हुआ लोकार्पण

## कवि की मूल प्रकृति संवेदनशीलता- श्री भिसे




**सूफ़ियाना मिज़ाज की कविताएँ हैं ज़िन्दगी अतरंगी सी- श्री तिवारी**

■ इंदौर। संभाग पोस्ट

'कवि का मूल तत्त्व संवेदनशील होना है। संवेदनशीलता ऐसी अपेक्षा है, जिसके आँसू नहीं होते। और यह अतरंगी कविताओं का संग्रह अब पाठकों के हवाले है।' यह बात उस्ताद अल्लाउद्दीन ख़ाँ संगीत एवं कला अकादमी के पूर्व निदेशक जयंत भिसे ने पुस्तक लोकार्पण के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि कही। संस्मय प्रकाशन के बैनर तले रविवार को पत्रकारिता एवं जन संचार अध्ययनशाला में कवि श्रीकांत टकले के कविता संग्रह 'ज़िन्दगी अतरंगी सी...' का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। आयोजन की अध्यक्षता कर रहे इन्दौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने कहा कि 'साहित्य शहर की परम्पराओं को संरक्षित रखता है, आज जिस किताब का लोकार्पण हुआ उसमें सूफ़ियाना मिज़ाज की कविताएँ हैं, जो मन को सहज भाती हैं।' बतौर चर्चाकार मौजूद डॉ. संध्या गंगराड़े ने अतरंगी की अंतरंगता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 'ये कविताएँ उम्र के उस दौर की कविताएँ हैं,जब सब भला-भला लगता है, दीवारों से मिलकर रोना अच्छा लगता है।' चर्चाकार डॉ. स्नेहलता श्रीवास्तव ने कहा कि 'कविता संग्रह में काँटों के गुलिस्तां में ख़ुश्बू के संगम हैं। इसमें प्रेम है, प्रेमी जीवन की विडंबना को दर्शाती कविताएँ हैं।' आयोजन में संयोजक संस्मय प्रकाशन की संस्थापक शिखा जैन बतौर विशेष अतिथि मौजूद रहीं। साथ ही, नई दिल्ली से भावना शर्मा, व लक्ष्मीकांत पंडित का विशेष अभिनंदन किया गया। अतिथियों का स्वागत दर्शना टकले, डॉ. दर्शिका टकले ने किया। शब्द स्वागत मातृभाषा उन्नयन संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्पण जैन 'अविचल' ने किया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश राव ने व आभार लक्ष्मीकांत पंडित ने माना। आयोजन में अश्विन खरे, रमेश चन्द्र शर्मा, मुकेश तिवारी, योगानंद होलकर, शीला चंदन, पारस बिरला, मोहित मण्डलोई, अविनाश भांड, दीपक तादगे, अमित होलकर, आदित्य फंडसे, सुनील टकले सहित साहित्यिकजन एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।




# इंदौर के सुनील ठाकुर नेपाल में अंतराष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित हुए

■ इंदौर। संभाग पोस्ट

**बड़े ही गर्व का विषय हे कि भारत देश की प्रतिभाओं को अंतराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल रहा हे।मध्यप्रदेश के इंदौर महानगर के प्रतिभावान युवा सुनील ठाकुर राष्ट्रीय तैराक हे और न्यू दिगम्बर पब्लिक स्कूल में तैराकी के प्रशिक्षक हे,ओर साथ ही साथ समाजसेवा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय अवॉर्डी भी हे,जिनको दिल्ली सरकार द्वारा शान ए हिंदुस्तान अवार्ड से भी सम्मानित किया गया हे।**

ऐसे प्रतिभावान व्यक्तित्व सुनील ठाकुर को नेपाल के काठमांडू में साउथ एशियन रीजनल कंट्रीज ब्रिलियंस अंतराष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया है। वर्ल्ड बुक ऑफ स्टार रिकॉर्ड के डायरेक्टर डॉ राजीव पाल ने बताया कि भारत विश्व गुरु अभियान के अंतर्गत इस वर्ष नेपाल के काठमांडू शहर में विश्व से आठ देशों के प्रतिनिधियो ने भाग लिया ।जिनमे कल्चरल समिट,कांफ्रेंस और इंटरनेशनल अवॉर्ड का आयोजन नेपाल के काठमांडू में किया गया। विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के साथ भारत से सुनील ठाकुर को भी अंतराष्ट्रीय अतिथियों द्वारा अंतराष्ट्रीय सम्मान प्रशस्ति पत्र,अवार्ड ट्रॉफी,मेडल और तिरंगा दुप्पटा पहनाकर किया। विशिष्ट अतिथियों के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ नेपाल भारत मैत्री पशुपतिनाथ धर्मशाला काठमांडू नेपाल में आयोजित किया गया।जिसकी नींव भारत के सशक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री द्वारा भारत और नेपाल की मित्रता के उद्देश्य से की गई थी।सुनील ठाकुर ने सभी साथियों को धन्यवाद दिया। और अवार्ड का श्रेय अपने मामा जी घनश्याम सिंह हाडा को दिया ।और अवार्ड अपनी दिवंगत माताजी स्व लाड़बाई ठाकुर को समर्पित किया ।जिनकी प्रेरणा ओर संस्कार से आज अंतराष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त किया।

# अरशद ने हरीश बनकर की दोस्ती, दुष्कर्म के बाद शादी के लिए धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया

■ इंदौर। संभाग पोस्ट

एक युवती के साथ दुष्कर्म करने और शादी का झांसा देकर शोषण करने का मामला सामने आया है। आरोपी का नाम अरशद है, लेकिन वह हरीश बनकर युवती से मिलता रहा। अरशद युवती के साथ मंदिरों में जाकर दर्शन भी करता था। वह गणेश विसर्जन और दुर्गा विसर्जन के समय भी युवती के साथ जाता था, ताकि उसे पता न चले कि वह दूसरे धर्म का है।युवती चंदन नगर क्षेत्र की रहने वाली है और आरोपी भी उसी इलाके में रहता है। आरोपी ने युवती के साथ कई बार संबंध बनाए। जब युवती ने शादी के लिए दबाव डाला तो उसने कहा कि पहले धर्म परिवर्तन करना होगा। हकीकत पता चलने के बाद युवती नाराज हो गई तो आरोपी उसे धमकाने लगा। इसके बाद युवती ने थाने में जाकर शिकायत की। युवती को आरोपी के पिता, भाई और तीन महिलाओं ने भी धमकाया। वे युवती पर धर्म परिवर्तन कर शादी का दबाव बना रहे थे। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## अरशद के भाई ने भी किया दुष्कर्म

युवती को जब पता चला कि हरीश का असली नाम अरशद है तो वह हकीकत जानने के लिए उसके घर पहुंची। घर पर अरशद का भाई साबिर था। युवती ने विवाद किया तो साबिर उसे चाकू दिखाकर कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती अपने घर पहुंची और गुमसुम रहने लगी। उसने मां को इस बारे में नहीं बताया। बाद में युवती हिंदू संगठन से जुड़े पदाधिकारियों के संपर्क में आई और थाने जाकर शिकायत की। पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।

# डिजिटल ऑनलाइन ठगी प्रकरण में जोधपुर ( राजस्थान ) का आरोपी क्राईम ब्रांच इंदौर पुलिस की कार्यवाही में गिरफ्तार



**आरोपी ठगी के अमाउंट को ऑनलाइन गैंग के अन्य साथी आरोपियों को भेजने का करता था कार्य... सॉफ्टवेयर इंजीनियर फरियादी के साथ 01 लाख 35 हजार रू की हुई थी ऑनलाइन ठगी... पुलिस के द्वारा ऑनलाइन ठगी से संबंधित सभी बैंक खातों को किया गया फ्रीज.... इंदौर पुलिस द्वारा आरोपी का पुलिस रिमांड प्राप्त कर की जा रही है विस्तृत पूछताछ ।**

**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर कमिश्नरेट में लोगों से छलकपट कर अवैध लाभ अर्जित करते हुये आर्थिक ठगी करने वाले की पहचान कर विधिसंगत कार्यवाही करते हुये उनकी धरपकड़ करने हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में ऑनलाइन ठगी की शिकायतों में क्राइम ब्रांच इंदौर की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीमों को लगाया गया है। इसी अनुक्रम में इंदौर क्राइम ब्रांच द्वारा संचालित ग्फ्इ पोर्टल पर ऊणए कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर निवासी इंदौर फरियादी ने डिजिटल अरेस्ट के नाम से ऑनलाइन ठगी की शिकायत की थी जिसमें उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 17/12/2024 को एक अज्ञात कॉल अ्थ्ष कोरियर सर्विस से आया है और कहा कि मेरे द्वारा दिल्ली से बैंकाक एक पार्सल भेजने के संबंध में जानकारी चाही गई थी तो मेरे द्वारा बताया गया कि मैने किसी प्रकार का कोई पार्सल नही भेजा है एवं इन सब बातों से इंकार किया। तो उनके द्वारा बताया गया कि आपके आधार कार्ड का कोई दुरुपयोग कर रहा है यदि आपको इसके बारे में कोई शिकायत करनी है तो मै आपको दिल्ली सायबर सेल से कनेक्ट कर देता हूँ। उसके बाद उसने मुझे किसी दुसरे कॉल पर कनेक्ट किया जिसने भी मुझसे पार्सल के संबंध मे बातचीत की एवं जिसने मुझे बताया कि उक्त पार्सल में 140 ग्राम श्उ्र्ष है जो इलिगल ड्ग है। उसके बाद उक्त व्यक्ति के द्वारा मुझे आगे की बातचीत के लिये स्काईप आईडी दी गई एवं बताया कि उक्त स्काईप आईडी पर विडियो काल करे। इसके बाद मैने अपनी स्काईप आईडी से उनकी SKYPE ID पर विडियो काल किया। विडियो कॉल शुरु होने पर सामने एक पुलिस इन्सपेक्टर बनकर व्यक्ति ने बात की और बताया कि मैं आपका इन्वेस्टिगेशन आफिसर हूँ, आपके केस की जाँच मेरे द्वारा की जा रही है एवं बताया कि आपको अब विडियो काल पर ही रहना है एवं किसी को भी इस बारे मे जानकारी नही देना है। उसके बाद उन्होने बताया कि आपके नाम एवं आधार कार्ड से मनी लान्ड्रीग की जा रही है एवं अलग–अलग राज्यो में आपके आधार आई डी एक्टिव है, आपके नाम पर पाँच बैंक खाते अलग–अलग राज्यो मे चलते पाए गए है, टेररिस्ट से आपके खातो मे लेन–देन पाया गया है जिसके संबंध में आपसे पूछताछ की जाना है और ये कहा कि आप कैमरे पर ही रहेंगे तथा कैमरा बन्द नही करेंगे। उन्होने मुझसे कहा कि चाहे आप घर के कोई भी काम कर रहे हो, कैमरा व ऑडियो ऑन रखेंगे चाहे आप सो भी रहे हो तब भी आप हमें दिखते रहना चाहिए । उसके बाद उन्होने मुझसे मेरे सारे बैंक खातो में जमा राशी की जानकारी ली उसके बाद उन्होने मेरी बात किसी अन्य व्यक्ति से कराई थी जो RBI की तरफ से बात कर रहा था, जिसने मुझे कहा था आपका खाता चैक करना है उसके बाद मेरे खातो का स्टेटमेंट भी मांगा था। उसके बाद बोला कि मैं आपको एक ळइ्ठ छ्ठ भेंज रहा हूँ उस पर आपको फीस की राशी 99,500 रूपये भैजना है तो मैने CRED App से 1 लाख रूपये का लोन लिया था उसके बाद दिनांक 18.12.2024 को उनके द्वारा भेजी गई ळइ्ठ छ्ठ- पर 99,500/- रूपये मैने भेज दिये, उनके द्वारा बताया गया था यह राशी बाद में रिफंड हो जायेगी। इसके बाद उन्होने बताया कि आपका इन्वेस्टिगेशन कंपलीट हो गई है एवं आपको बेल के लिये 35,000 रुपये की फीस जमा करनी होगी तो मैने दिनांक 18.12.2024 को अपने बैंक के खाता से 35,000 रुपये उसके द्वारा बताये आरबीएल बैंक के खाता में ट्रान्सफर कर दिये। इसके बाद भी विडियो कॉल चलता रहा और मेरा दोस्त अक्षय तिवारी मेरे घर पर आया और मुझसे मिला और जब मैने उससे उक्त केस के बारे मे जानकारी ली तो उसने बताया कि यह फर्जी है ऐसा कुछ नही होता है। इस प्रकार मेरे साथ लगभग 1,35,000/– रूपए का ऑनलाइन फ्रॉड हुआ तो इसके संबंध में हमारे द्वारा ग्फ्इ पोर्टल पर भी उपरोक्त घटना की शिकायत की गयी थी।

फरियादी की शिकायत पर क्राइम ब्रांच इंदौर थाने में अपराध धारा 318(4), 316(5), 308(2), 111(4), 3(5) ँग्ए का पंजीबद्ध किया गया है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में विवेचना के दौरान तकनीकी जानकारियों के आधार पर इंदौर क्राईम ब्रांच के द्वारा आरोपी (1) विक्रम पिता पूनमराम विश्नोई उम्र 23 वर्ष ओसिया जिला जोधपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया। क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ करते आरोपी ने बताया कि वह 12 वी कक्षा पास है और नीट एग्जाम की तैयारी कर रहा है, उक्त ठगी में अपने साथी जो कि जोधपुर में निवास करता है के बैंक खाते ऑपरेट करने का कार्य आरोपी के द्वारा किया जाता था, उक्त कार्य के लिए आरोपी एवं खाताधारक को 10इ कमीशन मिलना होता था, गैंग के द्वारा फरियादी से ठगी गई राशि 35 हजार रुपए राशि साथी आरोपी के बैंक खाते में ट्रांसफर किए थे जिसे आरोपी के द्वारा गैंग के अन्य खातों में ट्रांसफर करना कबूला । उक्त फर्जी डिजिटल अरेस्ट प्रकरण में इंदौर क्राइम ब्रांच के द्वारा आरोपी का पुलिस रिमांड प्राप्त कर गैंग के अन्य सदस्यों एवं अन्य कई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु पूछताछ की जा रही है ।



# पहले पत्नी का गला घोंटा, फिर पति ने ट्रेन से कटकर दे दी जान

**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

पति और पत्नी में आए दिन आर्थिक तंगी और रोजमर्रा की जरुरतों को लेकर विवाद होता था। रविवार रात के बीच विवाद हुआ था। सोमवार सुबह लक्ष्मण काम पर गया। इंदौर में एक व्यक्ति ने पत्नी की हत्या के बाद खुद आत्महत्या कर ली। दोनों में अक्सर विवाद होते थे, लेकिन सोमवार दोपहर पति ने पत्नी का गला घोट दिया। परिवार में दो बच्चे है, जो अब अनाथ हो गए। पति ने हत्या के बाद ट्रेन से कट कर जान दे दी। लसूडिया पुलिस ने बताया कि लक्ष्मण पिता रमेश कुलकर्णी अपनी पत्नी मणी और दो बच्चों के साथ फिनिक्स टाउनशिप में रहता था। लक्ष्मण कांटाफोड़ का रहने वाला था, लेकिन रोजगार की तलाश में इंदौर आ गया था। पति और पत्नी में आए दिन आर्थिक तंगी और रोजमर्रा की जरुरतों को लेकर विवाद होता था। रविवार रात के बीच विवाद हुआ था। सोमवार सुबह लक्ष्मण काम पर गया। दोपहर में वह लौटा तो फिर दोनों के बीच विवाद हुआ। तब दोनो बच्चे बाहर खेल रहे थे। लक्ष्मण ने मणि का गला घोंट दिया। इसके बाद बच्चे घर में लौटे तो मां को जमीन पर लेटा देख आस पड़ोसियों को सूचना दी। पड़ोसियों ने देखा कि घर बिखरा पड़ा था और मणि के शरीर में कोई हरकत नहीं हो रही थी। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रुम फोन लगाया। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। इस बीच लसूडिय़ा क्षेत्र में ही ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति के कटने की सूचना मिली। मृतक की शिनाख्त लक्ष्मण के रुप में हुई। पुलिस अफसरों का कहना है कि तात्कालिक विवाद के कारण यह घटना हुई है। फिलहाल बच्चों को ध्यान उनके रिश्तेदारों को रखने के लिए कहा गया है।

# पुलिस आरक्षक ने गार्ड रूम में फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच जारी

**■ इंदौर । संभाग पोस्ट**

इंदौर के सपना संगीता रोड स्थित यूको बैंक के गार्ड रूम में तैनात पुलिस आरक्षक मुकेश लोधी ने रविवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। साथी पुलिसकर्मियों ने सुबह उसे फंदे पर लटका पाया। मुकेश पहले विजय नगर थाने में तैनात था, लेकिन डेढ़ साल पहले नाबालिग लड़कों के सट्टे से जुड़े मामले में शिकायत के बाद उसे थाने से हटा दिया गया था। इस मामले में पूर्व टीआई रविंद्र गुर्जर और दो अन्य पुलिसकर्मी भी जांच के दायरे में थे। जांच के कारण मुकेश तनाव में था। ग्वालियर के रहने वाले मुकेश लोधी 2013 में पुलिस में भर्ती हुए थे। उनके परिवार में पत्नी और बच्चे हैं। दो साल पहले उनकी बहन की एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी, जिससे वह पहले से ही मानसिक तनाव में थे। जूनी इंदौर पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मुकेश के परिवार को घटना की सूचना दे दी गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।
















कार्यालय पताः 201, दूसरी मंजिल, इंदौर प्रेस क्लब परिसर, एम.जी. रोड, (जिला न्यायालय के सामने), इंदौर (म.प्र.),
स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक नवीन गलकर द्वारा अपनी दुनिया प्रिंटर्स, 13 प्रेस काम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं ए-119, वीणा नगर, सुखलिया, इंदौर ( म.प्र. ) से प्रकाशित । संपादकः नवीन गलकर, मो. 9009919948